**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3960**

**उत्तर देने की तारीख : 19.12.2024**

**औद्योगिक विकास**

**3960. श्री विनोद लखमशी चावड़ा :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कच्छ एक अल्पविकसित क्षेत्र है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की नए और मौजूदा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देकर और सहायता प्रदान करके कच्छ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के भुज, अबडासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार जिलों के औद्योगिक विकास की कोई योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) और (ख) : गुजरात के कच्छ जिले में, उद्यम पोर्टल के अनुसार दिनांक 16.12.2014 तक की स्थिति के अनुसार, उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म (यूएपी) पर पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की संख्या निम्नानुसार है:

| **कच्छ जिले में पंजीकृत एमएसएमई (शुरुआत से)** | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | विनिर्माण | | | | सेवाएं | | | |
| | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल |
| **उद्यम पंजीकरण** | 17770 | 1233 | 158 | 19161 | 62201 | 2607 | 264 | 65072 |
| **यूएपी** | 2,383 | - | - | 2,383 | 20,310 | - | - | 20,310 |

(ग) : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय गुजरात राज्य और विशेषकर कच्छ जिले सहित देश में एमएसएमई क्षेत्र की वृद्धि और विकास के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करता है। इन योजनाओं/कार्यक्रमों में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई), प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), एमएसएमई को खरीद और विपणन सहायता स्कीम (पीएमएस), पीएम विश्वकर्मा योजना (पीएमवी), चैंपियंस योजना और उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) शामिल हैं। इन योजनाओं का विवरण अनुबंध-I पर देखा जा सकता है।

*****

*अनुबंध-I*

I. वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2024-25 के वर्षों के लिए पीएमईजीपी योजना के तहत गुजरात राज्य के कच्छ जिले में सृजित इकाइयों की संख्या का ब्यौरा:

| क्र.सं. | वित्त वर्ष | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | संवितरित मार्जिन मनी सब्सिडी (लाख रुपए में) | अनुमानित सृजित रोजगार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 201 | 882.48 | 1608 |
| 2 | 2022-23 | 207 | 1151.10 | 1656 |
| 3 | 2023-24 | 182 | 1248.33 | 1456 |
| 4 | 2024-25 (दिनांक 16.12.2024 तक) | 42 | 310.79 | 336 |

II. सीजीटीएमएसई:

| सीजीटीएमएसई-अनुमोदित गारंटी (कच्छ) | | |
|---|---|---|
| अवधि | संख्या | राशि (करोड़ रुपए में) |
| वित्त वर्ष 24-25 (30 नवम्बर, 2024 तक) | 1,754 | 401 |
| शुरुआत से 30 नवम्बर, 2024 तक संचयी | 17,286 | 2,095 |

III. पीएमवी योजना

| कच्छ जिले में पीएमवी योजना की स्थिति : दिनांक 16.12.2024 तक का डाटा | |
|---|---|
| कुल प्राप्त आवेदन | 53,221 |
| पंजीकृत कुल लाभार्थी | 2,090 |

IV. चैंपियंस योजना

क. कच्छ जिले में दिनांक 16/12/2024 तक जेड पंजीकरण:

| पंजीकृत | ब्रांज प्रमाणित | सिल्वर प्रमाणित |
|---|---|---|
| 1348 | 351 | 1 |

ख. कच्छ जिले में एमएसएमई-प्रतिस्पर्धी (लीन) योजना:

| पंजीकृत | प्लेजेज | आधारभूत प्रमाणन |
|---|---|---|
| 27 | 27 | 25 |

V. उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) योजना

विगत दो वर्षों के दौरान गुजरात में 539 कार्यक्रमों में कुल 24590 प्रशिक्षित लाभार्थियों में से, कच्छ जिले में, 2 कार्यक्रमों में 91 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया था।